आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने संकल्प की दिशा में काम कर रहे हैं। तमाम मुश्किलों के बीच भारत दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। श्री मोदी ने यह बात आज पीलीभीत में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद और पार्टी के बरेली प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री के तौर पर श्री मोदी की पीलीभीत में यह पहली चुनावी रैली थी। आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार दुनिया से मदद मांगती थी, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान भारत ने दुनिया को दवाइयां और वैक्सीन भेजी। उन्होंने कहा कि जब देश मजबूत होता है तो दुनिया उसकी बात सुनती है। हमने दुनियाभर से भारतीयों को बचाया। यह सब आपके एक वोट की वजह से संभव हुआ। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कृषि उत्पादन में पीलीभीत के महत्व की चर्चा की और किसानों को सहायता देने के लिए सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने गन्ना किसानों के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की, जिसमें नई चीनी मिलें खोलना और मौजूदा मिलों का विस्तार करना, साथ ही किसानों को वित्तीय सहायता बढ़ाना शामिल है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हम बदलते भारत को देख रहे हैं, जहां सुरक्षा भी है, सम्मान भी है, विकास की बड़ी योजनाएं भी हैं और गरीबों के कल्याण के लिए भी योजनाएं हैं। श्री योगी ने रामपुर में भी एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

****

चैत्र नवरात्र के साथ आज से ही नव संवत्सर की शुरूआत भी हो गयी है। नवरात्र के अवसर पर आस्था और उल्लास के वातावरण में प्रदेश भर के दुर्गा मंदिरों में आज ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु माता का दर्शन पूजन कर रहे है। नवरात्र के पहले दिन आज मां आदिशक्ति के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जाती है। मिर्जापुर जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में बीती आधी रात से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु मॉ विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने पहुंच रहे हैं। बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर आज भोर से ही श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर मॉ का दर्शन पूजन कर रहे हैं। यहां देश के विभिन्न हिस्सों के साथ पडोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। यहां चैत्र नवरात्र से शुरू होकर एक माह तक चलने वाले राजकीय मेले का भी आज शुभारंभ हो गया है। महराजगंज जिले के लेहड़ा मंदिर, चित्रकूट जनपद के पुरानी बाजार स्थित पेशवाकालीन, प्राचीन काली मंदिर, गोरखपुर के चौरी चौरा स्थित तरकुलहा माई मंदिर, कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर, जौनपुर जिले के ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां शीतला चौकिया धाम में भी आज भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वाराणसी के सभी दुर्गा मंदिरों में चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज मॉ आदि शक्ति के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है।

****

नवसंवत्सर तथा चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज अयोध्या में भगवान रामलला ने विशेष वस्त्र धारण किये। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामलला के वस्त्रों की शैली को बदला गया है। इन वस्त्रों पर मयूर और अन्य वैष्णव चिह्नों को रगं बिरंगे रेशम के साथ सोने तथा चांदी के असली तारों से उकेरा गया है। उधर, रामनवमी पर रामलला को सूर्य तिलक लगाया जायेगा। रामनवमी पर दोपहर बारह बजे लगभग चार मिनट तक रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी।

****

वाराणसी के कैंसर हॉस्पिटल के मरीजों को काशी विश्वनाथ मंदिर की तरफ से शुद्ध पौष्टिक खाना खिलाए जाने की आज विधिवत शुरुआत हुई। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि मंदिर की यह पहल सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन का हिस्सा है। वाराणसी के कैंसर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को शुद्ध खाना उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आज नवरात्र के प्रथम दिन विशिष्ट जनों की उपस्थिति में कैंसर अस्पताल को खाना उपलब्ध करवाने वाली गाड़ी को रवाना किया गया।

****

कालानमक चावल को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कृषि वैज्ञानिक डाक्टर आरसी चौधरी को राष्ट्रपति बाइस अप्रैल को पद्मश्री से सम्मानित करेंगी। डाक्टर चौधरी संतकबीर नगर जिले के झिंगुरापार गांव के रहने वाले हैं।

****

प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां थाना क्षेत्र में फूलमती नाला के पास कल देर रात लखनऊ–प्रयागराज हाईवे पर निजी बस और ट्रक की टक्कर में बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दस लोग घायल हो गये। इन घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्डा लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एस आर एन अस्पताल प्रयागराज भेज दिया गया। बस में सवार सभी लोग उन्नाव से विन्धायचल धाम मॉ विन्ध्यवासिनी का दर्शन करने जा रहे थे। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर सामने से आ रही ट्रक से टक्कर के बाद बस पलट गयी।